दिन– सोमवार

दिनांक– 17/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो गई है। पहली पाली की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। इस समय दूसरी पाली की परीक्षा चल रही है। इस वर्ष मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा में लगभग सोलह लाख परीक्षार्थी भाग ले रहे है। इनमें आठ लाख अठारह हजार छात्राएं हैं। एक हजार छह सौ सतहत्तर परीक्षा केन्द्रों पर पच्चीस फरवरी तक दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इधर, बिहार बोर्ड ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए पटना में एक कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इसका नम्बर है– **शून्य छह एक दो, दो दो तीन, दो दो पांच सात और शून्य छह एक, दो दो दो तीन, दो दो दो सात।** इन दोनों नम्बरों पर किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

————————————————————————

सीवान जिले और इसके आसपास के इलाकों में आज सुबह करीब आठ बजकर तीन मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4 दर्ज की गई है। इसका केन्द्र बिंदु भी सीवान में ही स्थित था।

————————————————————————

भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्य तिथि पर राजधानी पटना सहित प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। पटना स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्राहलय में आयोजित राजकीय समारोह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित अनेक मंत्री और गणमान्य लोगों ने जननायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने बिहटा में प्रस्तावित हवाई अड्डे का नाम जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखने की मांग की है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि इस संबंध में वो केन्द्र सरकार के समक्ष आग्रह पत्र रखेंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर के सम्मान के लिए इस मुहिम को समर्थन देने की अपील की है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने लोगों से फिलहाल कुछ दिनों के लिए कुम्भ यात्रा का कार्यक्रम नहीं बनाने की अपील की है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि अभी राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कुम्भ जाने वाले यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण अफरा–तफरी की स्थिति बन रही है। उन्होंने लोगों से भीड़ कम होने के बाद यात्रा का कार्यक्रम बनाने की अपील की है। इधर, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। इधर, पटना जंक्शन पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। आरपीएफ के वरिष्ठ कमांडेंट प्रकाश कुमार पांडा ने कहा कि स्टेशन पर अतिरिक्त सौ रेलवे कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

———————————————————————

सड़क सुरक्षा अभियान के संबंध में आज पटना के अधिवेशन भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री शीला मंडल ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और पुलिस महानिदेश विनय कुमार भी शामिल हुए।

———————————————————————

राज्य के चार शहरों मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया और भागलपुर में मेट्रो परिचालन से जुड़ी सर्वे रिपोर्ट संबंधित कम्पनी ने नगर विकास विभाग को सौंप दी गयी है। सर्वे

रिपोर्ट में चारों शहरों में मेट्रो रूट की लम्बाई तथा स्टेशन की जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के अध्ययन के बाद अब विस्तृत कार्य योजना बनाने का काम शुरू होगा।

————————————————————————

गया जिले में जिला पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाकुंभ की समाप्ति की ओर बढ़ने के मद्देनजर गया स्टेशन और आसपास बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए है।

————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिला के नरकटियागंज में गोपालब्रह्म स्थान के पास अपराधियों की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

————————————————————————

सहरसा जिले के दिवारी स्थान में पहली बार दो दिवसीय राजकीय विषहरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का उद्घाटन स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र यादव और जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने किया।

————————————————————————

समाप्त